# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू अपने तीन दिवसीय दौरे पर अंडमान पहुंचे। पहले दिन उन्होंने रंगाचांग में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपन किया।
2. दिल्ली हाई कोर्ट ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध को सहमति दी।
3. योगाभ्यास के साथ भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केन्द्र में रूद्राक्ष का पौधरोपण कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होने का संदेश दिया।
4. गाराचरमा फीडर के रखरखाव कार्य के चलते कल कई क्षेत्रों में छ घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

संसदीय मामले एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू आज राजधानी श्री विजयपुरम पहुंचे। अपने तीन दिवसीय दौरे पर आए श्री रिजिजू ने दोपहर बाद विशेष जन संपर्क अभियान के अंतर्गत मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री श्री रिजिजू ने रंगाचांग स्थित पद्मश्री सम्मानित के. चेल्लम्मल के ऑर्गेनिक नारियल फार्म का दौरा किया तथा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इसके बाद उन्होंने राजधानी श्री विजयपुरम स्थित चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी सुधानंद सरस्वती से भेंट की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने भगवान शिव की आराधना भी की। इसके बाद श्री रिजिजू गुरुद्वारा लाइन स्थित पद्मश्री सम्मानित नरेश चंद्र लाल से उनके घर पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने बुनियादाबाद में राजकीय जी. बी. पंत अस्पताल के सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. शिव शंकर से भेंटवार्ता की। अपने आज के अंतिम कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने डेयरी फार्म स्थित बिशप हाउस में डायोसीज के बिशप विस्वासम सेल्वराज से मुलाकात की और ईसाई समुदाय को सम्बोधित भी किया। केंद्रीय मंत्री का दौरा कल भी जारी रहेगा।

<><><><><><><>

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 जून को होने वाली नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा से पहले टेलीग्राम ऐप पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायालय ने कहा कि यह कदम कानून के अनुरूप था। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति तेजस कारिया ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा उनहत्तर–ए के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया है और प्रतिबंध के लिए पर्याप्त कारण हैं। टेलीग्राम ने इस आदेश को चुनौती देते हुए भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया था और तर्क दिया था कि उसने पहले ही नीट से संबंधित सैकड़ों अवैध लिंक हटा दिए थे और अधिकारियों के साथ सहयोग किया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की सिफारिश पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी यह प्रतिबंध 22 जून तक लागू रहेगा।

इस बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने 21 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– स्नातक की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चौनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि सभी आधिकारिक व्हाट्सएप संदेश केवल उसके सत्यापित नंबर– 91 – 78 27 98 02 87 के माध्यम से भेजे जाएंगे। एजेंसी ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि एनटीए से भेजे गए किसी भी संदेश पर भरोसा करने से पहले नीले सत्यापन चिह्न और "राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी" नाम की जांच कर लें।

<><><><><><>

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार पाँच सितम्बर 2026 को नई दिल्ली में शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 के लिए विद्यालय शिक्षकों से स्वःनामांकन आमंत्रित किए जाते है। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के सर्वाश्रेष्ठ शिक्षकों के अनूठे योगदान को सम्मानित करना है। इस पुरस्कार के लिए मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत सभी स्कूल शिक्षक और प्रधानाध्यापक इसके लिए पात्र होंगे। शिक्षकों द्वारा स्वःनामांकन के लिए पंजीकरण ऑनलाइन वेब पोर्टल nationalawardstoteachers.education.gov.in पर 13 जुलाई तक कर सकते है।

<><><><><><>

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 के हिस्से के रूप में, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केन्द्र ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास का आयोजन किया गया। इसके बाद क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने रुद्राक्ष का पेड़ लगाया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

उधर, कंपोजिट रीजनल सेंटर ने आर्ट ऑफ़ लिविंग और ब्रुक्शाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ मिलकर श्री विजयपुरम स्थित अपने परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस साल की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के तहत आयोजित किया गया था। इसमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर ज़ोर दिया गया। CRC की निदेशक सुमिता मोल ने अपने संबोधन में स्वस्थ बुढ़ापे में मदद करने, जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए रोज़मर्रा की ज़िंदगी में योग को शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रुक्शाबाद के PHC की टीम ने एक विशेष Y–ब्रेक योग सत्र आयोजित किया। इसमें प्रतिभागियों को आसान योग अभ्यास सिखाए गए। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों, अभिभावकों, कर्मचारियों, इंटर्न और आम जनता ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उद्योग निदेशालय के अंतर्गत सत्र 2026–27 के लिए एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब उम्मीदवार पन्द्रह जुलाई तक आवेदन जमा कर सकते है। पन्द्रह से पैंतालीस वर्ष के उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते है। डिगलीपुर केंद्र सिलाई और वस्त्र निर्माण, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। लिटिल अंडमान में, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में प्रशिक्षण उपलब्ध होगा, जबकि कार निकोबार में सिलाई और वस्त्र निर्माण, बढ़ईगीरी, जूट और जूट उत्पाद, तथा सामान्य इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार का दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण पूरा होने पर पात्र प्रक्षुओं को एक हजार रुपये का मासिक वज़िफा प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

गाराचरमा फीडर के एच टी एल टी लाइनों और क्षतिग्रस्त आर सी सी हीट पोल को बदलने के कारण गाराचरमा फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टी आर हाउसिंग, एम आर

हाउसिंग, गाराचरमा बस्ती, गाराचरमा मेडिकल, काली मंदिर, टी टी आई रोड, पम्प हाउस, आई एम एफ सी और गाराचरमा फीडर के आस पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप, 21 जून को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से वइज़ाग के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच किया जाएगा। अतिरिक्त सामान कल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच चढ़ाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार राज्य ओलंपिक संघ ने राजधानी श्री विजयपुरम में 23 से 26 जून तक होने वाले ओलंपिक दिवस समारोह के लिए पंजीकरण की घोषणा की है। इस समारोह में ओलंपिक दिवस दौड़ और कई इनडोर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को 22 जून तक अंडमान और निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के कार्यालय में पंजीकरण करा सकते है।

<><><><><><><>